NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-148, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 04 दिसम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## यूपी में बड़ा हादसाः हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम में घुसी कार

# चार डॉक्टरों की मौत



अमरोहा। जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। अमरोहा में नेशनल हाईवे पर देर रात भीषण हादसा हो गया। हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम में पीछे से तेज रफ्तार कार घुस गई। कार सवार श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी के चार छात्रों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में एक दिल्ली तो दूसरा त्रिपुरा का छात्र भी शामिल हैं। सभी छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं।

यह हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में अतरासी को जाने वाली सर्विस रोड के पास हुआ। फोम के गद्दों से भरी डीसीएम हाईवे किनारे खड़ी थी। तभी गजरौला की तरफ से दिल्ली नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार हाईवे किनारे खड़ी इस डीसीएम में घुस गई।

हादसा इतना भीषण हुआ कि कार के परखच्चे उड़ गए। तेज धमाका होने के बाद हादसा स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हाईवे पर जाम के हालात बन गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और डीसीएम में फंसी कार को ट्रैक्टर से खींच कर निकाला गया। कार में सवार चारों छात्र लोग बुरी तरह फंस गए थे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को काटकर छात्रों के शव बाहर निकाले और पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। डीसीएम का चालक मौके से भाग गया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने भी हादसे स्थल का मुआयना किया।

जानकारी मिलते श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति राजीव त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान एक छात्र की पहचान आयुष शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी द्वारका दिल्ली सेक्टर 16 के रूप में हुई। जबकि दूसरा छात्र सप्त ऋषि दास पुत्र शुशांत शेखर दास निवासी वार्ड 12 रामनगर अर्थला त्रिपुरा के रूप में हुई है। मरने वालों में तीसरे छात्र की पहचान अर्णव चक्रवर्ती और चौथा श्रेष्ठ पंचोली है।

**पढ़ाई पूरी करने के बाद कर रहे थे इंटर्नशिप**

सभी छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके थे। इंटर्नशिप कर रहे थे। सभी 2020 बेच एमबीबीएस के छात्र थे। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मरने वाले चारों छात्रों के शव पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुतिन आज भारत में

## दो दिवसीय दौरे पर सुरक्षा सख्त



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2 दिवसीय भारत दौरे पर आज शाम दिल्ली पहुंच रहे हैं। पुतिन के दौरे को लेकर दिल्ली में भव्य तैयारियां की गई हैं। साथ ही सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में एक निजी रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। पिछले वर्ष जुलाई में पुतिन ने रूस की यात्रा पर गए मोदी का इसी प्रकार आतिथि सत्कार किया था दिल्ली में जगह-जगह प्रधानमंत्री मोदी के साथ राष्ट्रपति पुतिन के बैनर पोस्टर्स और होर्डिंग लगाए गए हैं। एयरपोर्ट से लेकर प्रधानमंत्री आवास तक और भारत मंडपम से लेकर राष्ट्रपति भवन तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है।

कांग्रेस ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "पिछले 26 वर्षों में, रूस के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री के बीच 23वां वार्षिक शिखर सम्मेलन आज से शुरू हो रहा है। ये संबंध और भी पुराने हैं।" उन्होंने कहा, "ठीक 70 साल पहले यूएसएसआर के दो शीर्ष नेता भारत आए थे। निकोलाई बुल्गानिन और निकिता ख्रुश्चेव 19 दिन के लिए यहां थे। वे 18 से 30 नवंबर, 1955 तक और फिर 7 से 14 दिसंबर, 1955 तक भारत में रहे। इसके छह महीने पहले जवाहरलाल नेहरू ने सोवियत संघ की यात्रा की थी...।"



संसद के शीतकालीन सत्र का गुरुवार को चौथा दिन है। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले संसद के मकर द्वार पर विपक्षी सांसदों ने दिल्ली के एयर पॉल्यूशन के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। कई विपक्षी सांसद गैस मास्क पहनकर पहुंचे।

## दिल्ली से बिहार तक एनआईए का एक्शन, 22 जगहों पर ताबड़तोड़ रेड



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सुबह-सुबह देश के कई राज्यों में एक साथ बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। बिहार, यूपी और हरियाणा सहित कुल 22 लोकेशनों पर ये छापेमारी की जा रही है। ये कार्रवाई पिछले दिनों एनआईए की पटना जोनल ऑफिस की तरफ से दर्ज की गई एक एफआईआर से जुड़ी है, जिसमें अवैध हथियारों की सप्लाई और संदिग्ध नेटवर्क की जांच चल रही है। एनआईए सूत्रों के मुताबिक, इसी मामले में दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट से जुड़े आरोपियों का कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए की टीमें दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के कई जिलों में छापेमारी कर रही हैं। यह कार्रवाई उन नेटवर्क्स पर केंद्रित है, जिनके बारे में एजेंसी को इनपुट मिला था कि वे देशभर में अवैध तरीकों से हथियार और अन्य संदिग्ध सामान सप्लाई कर रहे हैं।

## टीएमसी ने विधायक हुमायूं कबीर को किया सस्पेंड

### बंगाल में 'बाबरी मस्जिद' बनाने का लिया था संकल्प



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बाबरी शैली की मस्जिद बनाने का संकल्प लेने वाले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी विधायक हुमायूं कबीर को सस्पेंड कर दिया गया है। हुमायूं कबीर गुरुवार को बहरामपुर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मीटिंग में पहुंचे थे। वहां अपने सस्पेंशन की खबर मिलने के बाद वे मीटिंग की जगह से चले गए। मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े हुमायूं कबीर ने कहा कि जल्द ही उनकी नई पार्टी बनेगी। वे 2026 के चुनाव में 135 सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे और तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि हुमायूं कबीर ने बुधवार को यह कहकर राज्य में सियासी पारा चढ़ा दिया कि वह राजभवन की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद का शिलान्यास करेंगे।



# इंडिगो में क्रू संकट, 170 फ्लाइट्स पर असर

## जयपुर, इंदौर समेत कई एयरपोर्ट पर हजारों यात्री परेशान; इंतजार में एयरपोर्ट पर ही रात काटी

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो लगातार तीसरे दिन क्रू की कमी से जूझ रही है। इसके कारण देशभर में एयरलाइन के ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु सहित कई बड़े एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स लगातार कैंसिल हो रही हैं।

गुरुवार सुबह दिल्ली से रवाना होने वाली इंडिगो की 30 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। दिल्ली एयरपोर्ट पर सुबह से लोगों की लंबी कतारें लगी हैं। कई यात्रियों ने फ्लाइट के इंतजार में पूरी रात एयरपोर्ट पर ही गुजार दी। हैदराबाद में आज लगभग 33 उड़ानें रद्द होने की संभावना है।







देश भर में 170 से अधिक उड़ानें रद्द हो सकती हैं। इससे पहले मंगलवार और बुधवार को करीब 200 इंडिगो फ्लाइट्स कैंसिल हुई थी। बेंगलुरु में 42, दिल्ली में 38, मुंबई से 33, हैदराबाद में 19, अहमदाबाद में 25, इंदौर में 11, कोलकाता में 10 और सूरत में 8 फ्लाइट कैंसिल हुईं। सैकड़ों उड़ानें घंटों देरी से आना-जाना कर रही हैं। हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री फंस गए। इंडिगो एयरलाइन दिन भर में लगभग 2,300 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें ऑपरेट करती है। कंपनी ने बुधवार को यात्रियों से माफी मांगी और बताया कि शुक्रवार तक और फ्लाइट्स कैंसिल होने की संभावना है।

**इंडिगो ने कहा- 5 दिसंबर तक हालात सामान्य होंगे**

एयरलाइन ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा कि छोटी-मोटी तकनीकी खराबी, सर्दियों के कारण शेड्यूल में बदलाव, खराब मौसम, एविएशन सिस्टम में स्लो नेटवर्क और क्रू मेंबर्स के शिफ्ट चार्ट से जुड़े नए नियमों (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) के पालन के कारण हमारे ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। इसका पहले से अनुमान लगाना संभव नहीं था। कंपनी ने कहा कि अगले 48 घंटों में परिचालन स्थिर हो जाएगा।

**डीजीसीए ने इंडिगो से जवाब मांगा**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो से मौजूदा दिक्कतों के कारणों और उनसे निपटने के लिए प्लानिंग का ब्योरा मांगा है। डीजीसीए ने कहा है कि वह मामले की जांच कर रहा है। फ्लाइट्स कैंसिल और देरी कम करने के तरीकों पर आकलन किया जा रहा है। डीजीसीए के अनुसार, क्रू की कमी इसकी मुख्य वजह है। इंडिगो में यह दिक्कत पिछले महीने से चल रही है। नवंबर में इसकी 1232 उड़ानें रद्द हुईं। मंगलवार को 1400 उड़ानें देरी से चलीं।

**डीजीसीए के नए नियमों के कारण इंडिगो में परेशानी**

डीजीसीए ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ। वहीं 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ, जिसके बाद से एयरलाइन कंपनियों खासतौर से इंडिगो की फ्लाइट्स पर असर दिखने लगा। डीजीसीए ने बताया कि नवंबर में इंडिगो की कुल 1,232 उड़ानें कैंसिल की गईं, जिनमें क्रू और एफडीटीएल नियमों के कारण 755 उड़ानें शामिल हैं।

# साइको किलर पूनम

## बेटे से सुंदर बच्चियों को मार डालती, अपना एक बेटा मारकर दूसरे लड़के से भी करने लगी तुलना; खुले चौंकाने वाले राज

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में साइको किलिंग से जुड़े मामले में एक के बाद एक सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। साइको किलर पूनम ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसे खुद नहीं पता कि सुंदर बच्ची देखकर उसे गुस्सा क्यों आता है। शादी से पहले ऐसा नहीं था। उसकी शादी 2019 में हुई थी। एक साल बाद बेटा (शुभम) पैदा हुआ। वह किसी भी बच्ची को देखकर उसकी तुलना अपने बेटे से करती थी। कोई बच्ची बेटे से ज्यादा सुंदर दिखती तो गुस्सा आता। जनवरी 2023 में ननद पिंकी की बेटी इशिका की हत्या के बाद उसने हत्या करने का सिलसिला सा शुरू कर दिया। इशिका को मारते हुए उसके पहले बेटे शुभम ने देख लिया था, तो पूनम ने उसकी भी जान ले ली। इसके बाद वह दूसरे बेटे से बच्चियों की सुंदरता की तुलना करने लगी।

पानीपत पुलिस ने बुधवार को एक ऐसी महिला को गिरफ्तार किया जिसे सुंदर दिखने वाली बच्चियों से बेइंतहा नफरत है। उसकी इस नफरत ने तीन मासूम बच्चियों और खुद उसके बेटे की जान ले ली। तीनों बच्चियां उसकी भतीजी थीं। उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि चारों को पानी में डुबोकर मारा। ऐसा इसलिए करती थी ताकि हत्या को लोग हादसा समझें। तीन साल पहले पहली बच्ची की हत्या करते वक्त तीन साल से बेटे ने देख लिया था। वह किसी को बता न दे, इसलिए उसकी भी जान ले ली।



### इन बच्चों को उतारा मौत के घाट

पहला कत्ल - ननद की बेटी इशिका
दूसरा कत्ल- पहला बेटा (शुभम)
तीसरा कत्ल- चचेरे भाई की बेटी जिया
चौथा कत्ल- जेठ की बेटी विधि

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला सोनीपत के भावड़ गांव के किसान नवीन की पत्नी पूनम (27) है। उसके साइको किलर होने और सभी हत्याओं का खुलासा पानीपत के नौल्था गांव में एक दिसंबर को छह साल की बच्ची विधि का शव पानी के टब में मिलने के मामले की जांच के दौरान हुआ।

विधि पूनम के जेठ संदीप की बेटी थी। विधि के दादा सेवानिवृत्त उप निरीक्षक पाल सिंह ने पोती की हत्या की आशंका जाहिर की। वजह यह थी कि टब एक फुट का ही थी। उनका कहना था कि इतने छोटे टब में छह साल की बच्ची डूबकर नहीं मर सकती। एसपी ने बताया कि पूनम और उसका परिवार नैल्था में सतपाल के बेटे अमन के शादी समारोह में आया था। जांच के दौरान पता चला कि बरात की विदाई के समय पूनम अचानक कहीं चली गई थी। उसी समय विधि लापता हुई थी। शादी में शामिल महिलाओं ने बताया कि पूनम जब लौटी तो उसकी साड़ी पानी से भीगी हुई थी। इससे उस पर शक हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी पता चला कि विधि की हत्या की गई है। विधि का शव सतपाल के घर में ही पहली मंजिल पर मिला था।



पांच दिसंबर से प्रदेशभर में मौसम बदलने की संभावना है। जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। इसके चलते सूखी ठंड से राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार चार दिसंबर को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि पर्वतीय इलाकों में सुबह-शाम पाला गिरने से ठंड परेशान करेगी। जबकि पांच दिसंबर से पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

## जेल में मिलने पहुंचा परिवार... आजम खां और अब्दुल्ला ने मुलाकात से किया इनकार; कारागार प्रशासन भी चुप

**रामपुर।** दो पैन कार्ड मामले में रामपुर जेल में बंद सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम से मिलने के लिए उनके परिवार के सदस्य जेल पहुंचे, लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। बताते हैं कि दोनों ने परिवार के सदस्यों से मिलने से इनकार कर दिया है।

जेल प्रशासन ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। दो पैन कार्ड मामले में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां को पिछले दिनों सात साल की सजा सुनाई गई थी। दोनों ही जेल में हैं। जेल में मिलने के लिए तमाम लोग हर रोज पहुंच रहे हैं, लेकिन मुलाकात नहीं हो पा रही है। बुधवार को दोनों से मुलाकात करने के लिए आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, बड़े बेटे अदीब आजम और बहन निखहत रामपुर जेल पहुंचीं, जहां उनकी मुलाकात के लिए अर्जी लगाई। जेल सूत्रों के मुताबिक, आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम ने परिवार से मिलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद तीनों वापस लौट आए हैं। सपा नेता आजम खां के खिलाफ दर्ज फांसीघर की जमीन कब्जाने के मामले में भी कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 23 दिसंबर को होगी। गंज थाने में सपा नेता आजम खां के खिलाफ फांसीघर की जमीन कब्जाने का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है। बुधवार को सुनव सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 23 दिसंबर को होगी। दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दर्ज वोटरों को धमकाने के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 04 दिसम्बर 2025




## स्मृति मंधाना से शादी टलने के बाद संत प्रेमानंद के दरबार में पलाश मुछाल

**मथुरा** एनएनआई। भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ शादी टलने के बाद म्यूजिक कंपोजर पलाश मुछाल वृंदावन स्थित संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे। यहां वे कुछ देर साधना में बैठे और प्रवचन के दौरान हराधा नामह्न का जाप किया। पलाश इस दौरान मास्क लगाए दिखाई दिए और उनके गले में जपमाला भी थी। आश्रम में प्रेमानंद महाराज के शिष्य नवल नागरी और अन्य भक्तों ने संत के समक्ष सवाल दोहराए जिनका जवाब प्रेमानंद महाराज दे रहे थे। पलाश मुछाल ने संत से कोई सवाल नहीं पूछा और चुपचाप साधना में बैठे रहे। हालांकि क्रिकेटर के भाई ने शादी की बात से अभी इन्कार किया है। सोशल मीडिया पर उनके भाई की वीडियो भी वायरल है।

# प्लास्टिक पाइपों में लगी भीषण आग

## फायर ब्रिगेड ने बुझाई, धुएं से फैली अफरा-तफरी

एनएनआई

**फिरोजाबाद**। बंबा बाइपास पर सैलई चौराहा के पास बुधवार रात प्लास्टिक के पाइपों में आग लग गई। आग लगने से धुएं का गुबार उठने लगा, जिससे आसपास के लोग सहम गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



सीएस रिसॉर्ट के निकट सड़क किनारे प्लास्टिक के दो बंडल पाइप रखे हुए थे। किसी युवक ने कूड़े में आग लगा दी, जो धीरे-धीरे इन पाइपों तक फैल गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। आग लगने के स्थान के पास से ही 33 केवी की बिजली लाइन गुजर रही थी। लाइन टूटने की आशंका से लोग काफी देर तक परेशान रहे। क्षेत्रीय निवासी अचल उपाध्याय ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी दुर्गेश कुमार ने बताया कि इस घटना में प्लास्टिक पाइपों के दो बंडल जलकर खाक हो गए। इससे पहले, बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे नगला भाऊ औद्योगिक आस्थान में बांके बिहारी रिसॉर्ट के पास एक गोदाम में शराब की बोतलों की पैकिंग के दौरान आग लगने की सूचना मिली थी। हालांकि, वहां मौजूद स्टाफ ने फायर उपकरणों की मदद से स्वयं ही आग बुझा ली थी।

## भारतीय सेना के युवा अफसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मांट (मथुरा)** एनएनआई। भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर तैनात लक्ष्मी नारायण की राजस्थान के सूरतगढ़ जिले में संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।




सुबह जैसे ही उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव ढकूं पहुंचा, हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए उमड़ पड़े। ग्रामीणों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। मांट थाना क्षेत्र के गांव ढकूं निवासी लक्ष्मी नारायण का चयन भारतीय सेना में हुआ था। ट्रेनिंग पास आउट होने के बाद 17 सितंबर 2024 को पहली पोस्टिंग सूरतगढ़ सैन्य स्टेशन में मिली थी। वह 287 मीडियम रेजिमेंट में तैनात थे।

सूत्रों के अनुसार सूरतगढ़ सैन्य स्टेशन में सोमवार शाम रेस्ट हाउस में उनका शव मिला। सैन्य अधिकारियों ने स्वजन को सूचना दी। मंगलवार को स्वजन सूरतगढ़ पहुंचे। शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन के सिपुर्द कर दिया गया। सुबह उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। विधायक राजेश चौधरी व एमएलसी यौगेश नौहवार ने भी श्रद्धांजली अर्पित की। सेना के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ सलामी के साथ अंतिम विदाई दी। इस दौरान गांव का माहौल गमगीन हो गया और हर आंख नम दिखाई दी।

## हाथरस में बाइकों की भिड़ंत में चार युवक घायल, हालत बेहद गंभीर

**हाथरस** एनएनआई। इगलास रोड पर गांव टुकसान के निकट दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में चार युवक घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बनी हुई थी। सूचना मिलने पर उनके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। घायलों में हाथरस शहर के मोहल्ला सीयलखेड़ा निवासी राम भरोसे और कांशीराम कॉलोनी निवासी संजय शामिल हैं। ये दोनों हलवाईगिरी का काम करते हैं। वे रात में इगलास से हाथरस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। दूसरी बाइक पर सवार युवकों की पहचान सासनी थाना क्षेत्र के बसगोई निवासी सचिन और बाबू के रूप में हुई है। हादसे के बाद सभी घायल सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने सरकारी एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद जिला अस्पताल लेकर आई।

महिला एवं पुरुष 45,000 होमगार्ड्स की भर्ती हेतु
One Time रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ



1 - अनुभवी - शिक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी ।
2 - सप्ताह दर सप्ताह टेस्ट की सुविधा ।
3 - सीमित पाठ्यक्रम (Course) के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की सुविधा ।
4 - यदि किसी अभ्यर्थी के साप्ताहिक परीक्षा (Test) में नंबर सही नहीं आते तो उनको अलग से समय देकर तैयारी करायी जायेगी ।
5 - लिखित परीक्षा से पहले ही परीक्षा में अच्छे नंबर लाने योग्य बनाया जायेगा।
6 - लिखित परीक्षा के साथ सेनावृति पुलिस एवं होमगार्ड्स के प्रशिक्षकों द्वारा फिजीकल की तैयारी कराने के सुविधा दी जाएगी।
7 - एकेडमी में लम्बाई एवं सीना नापने की की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।
8 - ओ.टी.आर एवं आवेदन करने हेतु संपर्क करे।

जे.डी एकेडमी

जे.डी एकेडमी
पताः- तोमर कॉम्पलैक्स जगनेर रोड, धनौली, आगरा

डायरेक्टर :- जयवीर सिंह तोमर (EX. - कम्पनी कमांडर होमगार्ड्स उत्तर प्रदेश)
मो. 9412416081, 9997490901, 9634148448

# सूदखोरों से परेशान फाइनेंसर ने खुद को मारी गोली, नाजुक

## 5 लाख का कर्ज, 33 हजार सैलरी में 30 हजार देता था ब्याज

एनएनआई

**आगरा।** सूदखोरों की प्रताड़ना और बढ़ते आर्थिक दबाव से परेशान बजाज फाइनेंस में कार्यरत युवक ने बुधवार शाम खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना से ठीक पहले युवक ने अपने बड़े भाई को व्हाट्सऐप पर मैसेज व लोकेशन भेजकर कदम उठाने की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुँचे और उसे गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



रामबाग चौराहे पर राठौर पेटीज के नाम से दुकान संचालित करने वाले कुंवर पाल सिंह राठौर के बेटे राहुल राठौर (30) बजाज फाइनेंस में नौकरी करते हैं। बड़े भाई विवेक राठौर ने बताया कि राहुल पर सूदखोरों का लगभग पांच लाख रुपये का कर्ज हो गया था। उसकी 33 हजार रुपये की मासिक सैलरी में से 30 हजार रुपये केवल ब्याज में चला जाता था। लगातार बढ़ते आर्थिक बोझ, मानसिक तनाव और धमकियों के कारण वह कई दिनों से अवसाद में था। बुधवार शाम करीब 5 बजे राहुल झरना नाले के पास पहुंचा और भाई को मैसेज भेजकर आत्महत्या की जानकारी दी। इसके बाद उसने दाहिने हाथ से अपनी कनपटी में गोली मार ली। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि घटना से पहले युवक ने मोबाइल के माध्यम से अपने भाई को लोकेशन भेजी थी। लोकेशन मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो राहुल खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुँची पीआरवी 112 और स्थानीय पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर उपचार में जुटे हैं।

# सवारियां उतार रही बस में पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

## श्री टॉकीज कट पर हादसा, छह लोग चोटिल



एनएनआई

**आगरा।** दिल्ली हाईवे के श्री टॉकीज कट पर बने अवैध स्टैंड पर सवारियों को उतार रही ताज डिपो की रोडवेज बस में मंगलवार रात ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बस आगे खड़े ऑटो में टकरा गई। बस में बैठी पांच सवारियां और ऑटो चालक चोटिल हो गए। हरीपर्वत थाने की पुलिस ने वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

घटना रात साढ़े ग्यारह बजे की है। फिरोजाबाद की ओर से आ रही ताज डिपो की रोडवेज बस भगवान टॉकीज फ्लाईओवर के श्री टॉकीज कट पर सवारियां उतार रही थी। ज्यादातर सवारियां वाटरवर्क्स चौराहे पर उतर चुकी थीं। शेष यहां उतर रही थीं। पांच सवारियों को आगे आईएसबीटी तक जाना था।

इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। तेज टक्कर लगने से बस आगे सवारियों के इंतजार में खड़े ऑटो से टकरा गई। हादसे में ट्रक चालक के हाथ में चोट आई और वह मौके से भाग गया। बस में खिड़की की ओर बैठी सवारियां झटके से आगे की सीट से टकरा कर चोटिल हो गईं। ऑटो में बैठे चालक के पैर में चोट लगी है।

आसपास के लोगों ने बस में बैठे लोगों को उतारा और नजदीकी अस्पताल में उनका प्राथमिक उपचार कराया। सूचना पर थाना हरीपर्वत पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को वहां से हटवाया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा और ऑटो क्षतिग्रस्त हुआ है। थाना प्रभारी का कहना है कि किसी ने मामले की शिकायत नहीं की है। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

**अवैध स्टैंडों से हो रहे हादसे, जिम्मेदार मौन**

दिल्ली हाईवे पर रामबाग, वाटरवर्क्स चौराहे, सुल्तानगंज की पुलिया, अबु उलाह दरगाह, श्री टॉकीज कट, ओमेक्स मॉल के सामने, आईएसबीटी तिराहा, सिकंदरा से लेकर रुनकता तक बस चालकों ने अवैध स्टैंड बना रखे हैं। जब भी कोई हादसा होता है तो पुलिस और रोडवेज के अधिकारी कार्रवाई के निर्देश देते हैं। एक-दो दिन बाद फिर हालात जस का तस हो जाते हैं। इन कटों के कारण हाईवे पर जाम के हालात रहते हैं। कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदार मौन हैं।

## चौराहे पर युवक को पीटने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**आगरा** एनएनआई। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के शाहदरा चौराहे पर बुधवार को एक युवक से मारपीट करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के मुताबिक, वायरल वीडियो में सिकंदरा निवासी संजय, ललितेश, शिवम, प्रमोद और टीटू युवक को घेरकर बेरहमी से पीटते दिखाई दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया।

# यमुना पर तेजी से बन रहा मेट्रो के लिए पुल

आगरा एनएनआइ। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने मेट्रो ट्रेन के लिए यमुना नदी पर पुल बनाने का कार्य तेज कर दिया है। पुल के लिए पिलर बनाने के लिए खुदाई की जा रही है। करीब 10 महीने में इसका निर्माण पूरा हो जाएगा और अगले साल दिसंबर तक मेट्रो परियोजना पूरी हो जाएगी।

यूपीएमआरसी के उप महाप्रबंधक पंचानन मिश्रा ने बताया कि यमुना नदी पर वाटर बॉक्स से रामबाग के बीच 350 मीटर लंबा और 18 मीटर ऊंचा पुल बनाया जा रहा है। इसकी चौड़ाई 10 मीटर होगी। इसके लिए प्लेयर बनाने के कार्य शुरू कर दिया है। पिलर के लिए मशीन खुदाई कर रही है। पिलर की गहराई 40 मीटर होगी। 12 महीने में पुल तैयार हो जाएगा। पुल बनाने के लिए आगरा में पहली बार स्टील गर्डर का उपयोग किया जा रहा है। यह अत्यधिक मजबूत होगा और इसकी उम्र करीब 1000 साल होगी। मेट्रो का ये कॉरिडोर आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक बन रहा है । ये एलिवेटेड है। इसमें 14 स्टेशन हैं। दूरी करीब 16 किमी है। यह परियोजना अगले करीब 15 महीने में पूरी हो जाएगी। इस कॉरिडोर का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# एक विवाह ऐसा भी: सास ने मां बन कर किया विधवा बहू का कन्यादान



एनएनआई

**आगरा।** बरौली अहीर में सास ने अपनी विधवा बहू के लिए लड़का ढूंढा और बेटी की तरह धूमधाम से उसकी शादी कर समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया। सास ने बहू के मां की भूमिका निभाते हुए अपने हाथों से कन्यादान किया और अन्य रस्में निभाई। विवाह के बाद उन्होंने बहू को उसके नये ससुराल विदा किया।

बरौली अहीर की रहने वाली 67 वर्षीय कुसुमलता के बेटे की लंबी बीमारी के चलते 4 जनवरी 2023 को मृत्यु हो गई। पति की मौत के बाद जवान बेटे की मौत ने उन्हें तोड़कर रख दिया। बेटे की विधवा बहू का दर्द उन्होंने समझा और उसके लिए लड़का तलाशना शुरू कर दिया। कुसुमलता ने मंगलवार को गांव श्यामो निवासी विशाल जैन पुत्र स्व. ललित जैन के साथ श्यामों स्थिति हनुमान मंदिर ने अपनी विधवा पुत्रवधु की शादी कराई। कुसुमलता ने अपनी विधवा बहू की मां बनकर कन्यादान किया। कुसुमलता ने बताया कि पति की मृत्यु 32 वर्ष पहले हो गई थी। उन्होंने बताया कि एक विधवा के लिए जीवन जीना कितना कठिन होता है, वे इस बात को जानती हैं। वे भी अधिकतर बीमार रहती हैं। ऐसे में उनके बाद विधवा बहू को कोई परेशानी न हो, इसलिए उसकी शादी करने का फैसला लिया।

# अवैध गतिविधियों पर लोगों ने बुलाई पुलिस

## स्कूल की ड्रेस और मुंह पर कपड़ा...होटल में आ रहे थे कपल

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के कालिंदी विहार स्थित एक होटल में बुधवार को छात्राओं के जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पर स्थानीय लोगों ने होटल में अनैतिक गतिविधियां चलने के आरोप लगाए हैं। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं होटल संचालक ने आरोप को निराधार बताया है।



कालिंदी विहार निवासी रानू यादव और गंगा प्रसाद ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि उनके घर के पास एक होटल में बाहर से युवक छात्राओं के साथ आते हैं। उनको बिना पहचान के कमरे उपलब्ध कराए जाते हैं। आपत्ति जताने पर होटल संचालक व स्टाफ मारपीट करता है। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें उल्टा एक घंटे तक थाने की पुलिस ने पकड़े रखा, हवालात में डाल दिया। इससे शिकायतकर्ता दहशत में हैं।

लिखित शिकायत करने पर थाने के दरोगा ने मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दिए। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि होटल के सामने रहने वालों ने देह व्यापार का आरोप लगाया था। सीसीटीवी फुटेज दिए हैं। होटल में कैंटीन है। आरोप की जांच की जा रही है। अवैध हिरासत में रखने की भी अलग से जांच कराई जाएगी। होटल का रजिस्टर चेक किया जाएगा।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com
गुरुवार, 04 दिसम्बर, 2025



## एक्शन में महापौर, गठित की जांच कमेटी

### सड़क निर्माण में कथित घोटाले से निगम में हड़कंप



- अधिकारियों की चुप्पी और कार्रवाई न होने पर मेयर का कड़ा रुख- स्थलीय निरीक्षण में कई गड़बड़ियां मिलने का दावा
- तीन दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश, सात सदस्यीय कमेटी में पक्ष-विपक्ष के पार्षद व वरिष्ठ अधिकारी शामिल

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम द्वारा हेमा पेट्रोल पंप से पश्चिमपुरी चौराहे तक किए गए सड़क निर्माण में सामने आए कथित घोटाले के मामले में एक नया मोड़ आ गया। अधिकारियों की चुप्पी और पक्ष-विपक्ष के पार्षदों की मांग को देखते हुए महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने खुद जांच कमेटी गठित कर दी। कथित घोटाले को लेकर नगर निगम में माहौल काफी गर्म था। सदन में पार्षदों द्वारा हंगामा किया गया था और पूरे मामले की जांच करने के लिए भाजपा पार्षदों ने मांग की थी। इसके बाद महापौर ने सदन में नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल से जांच कमेटी गठित करके पूरे प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए थे। महापौर ने खुद मौके पर जाकर भी निगम के अधिकारियों के साथ सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया था, जिसमें सड़क निर्माण और क्षेत्रीय लोगों द्वारा बातचीत के आधार पर काफी गड़बड़ियां पाई गई थीं। महापौर ने नगरायुक्त को जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन निगम के अधिकारियों द्वारा इस मामले में कोई जांच कमेटी गठित न करने और उदासीनता दिखाने पर महापौर ने खुद ही जांच कमेटी गठित कर दी। महापौर ने बुधवार को नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल को लिखे पत्र में लिखा कि सड़क निर्माण में गड़बड़ी के मामले में उनके द्वारा 24 नवम्बर एवं 26 नवम्बर पत्र लिखा गया था, जिनका सन्दर्भग्रहण करें। वर्णित प्रकरण की जाँच कमेटी गठित कराते हुए तीन दिन में आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। इस प्रकरण में आपके स्तर से कमेटी गठित न किया जाना नगर निगम की उदासीनता परिलक्षित हो रही है तथा जन-सामान्य एवं सम्मानित पार्षदों के मध्य पारदर्शिता प्रदर्शित नहीं हो पा रही है तथा नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। पत्र में मेयर ने कहा कि उनके द्वारा पार्षदों एवं अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ हेमा पेट्रोल पम्प से पश्चिमपुरी को जाने वाले मार्ग एवं रोड पटरी तथा नाले का निरीक्षण भी किया गया था, जिसमें मौके पर भ्रष्टता की परतें खुलती पायी गईं। वर्तमान में कार्यवाही न होने के कारण नगर निगम की जनता के मध्य विश्वसनीयता कम हो रही है। अतः वह पार्षदों एवं अधिकारियों की संयुक्त कमेटी गठित कर रही हैं, जो तीन दिवस में वर्णित प्रकरण की जांच करते हुए अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी।महापौर ने जांच कमेटी में पार्षद हेमंत प्रजापति, विपक्षी पार्षद यशपाल सिंह, पार्षद प्रवीना राजावत, पार्षद रवि करौतिया, पार्षद वीरेंद्र लोदी, अपर नगर आयुक्त, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी और अधिशासी अभियन्ता अरविन्द श्रीवास्तव को शामिल किया है।

## खाली पड़ी भूमि की रखवाली करेगा नगर निगम, होगा सौन्दर्यीकरण



एनएनआई

> जिस जमीन का स्वामित्व विवादित है और जिसका केयरटेकर नगर निगम है, उसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। भूमाफिया की नजर से बचाते हुए इस क्षेत्र को व्यवस्थित और सुंदर बनाया जाएगा। साफ-सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है और जल्द ही सौंदर्यीकरण की योजना लागू की जाएगी।
> **अंकित खंडेलवाल, नगर आयुक्त**

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के पास में बन रहे 100 सैय्या अस्पताल और नगर निगम के प्राइमरी स्कूल के पीछे नाला कंसखार के पास स्थित लगभग 800 वर्ग गज खाली जमीन को नगर निगम संवारने जा रहा है। वर्षों से विवाद और उपेक्षा का शिकार रही इस जमीन पर निगम ने बुधवार को व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाकर सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी। राजस्व निरीक्षक शिप्रा गुप्ता ने बताया-इस जमीन पर स्वामित्व को लेकर पास के मंदिर और मस्जिद प्रबंधन के बीच पुराना विवाद चला आ रहा था। दोनों पक्षों में से कोई भी वैध स्वामित्व अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर पाया। ऐसे में तत्कालीन अपर जिला मजिस्ट्रेट ने 21 जून 2001 को इस जमीन की देखरेख का दायित्व नगर निगम को सौंपते हुए इसे 'केयरटेकर' घोषित कर दिया था। उन्होंने बताया-आदेश के बाद भी वर्षों तक यह भूमि खाली और अनुपयोगी पड़ी रही।

अवैध कब्जे की आशंका और भूमाफिया की नजर को देखते हुए हाल ही में मामला निगम के संज्ञान में लाया गया। इसके बाद सहायक नगर आयुक्त श्रद्धा पांडेय ने मौके का निरीक्षण कर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उसी के तहत बुधवार को इस भूमि की सम्पूर्ण सफाई कराई गई और इसे सौंदर्गीकरण के लिए तैयार किया जा रहा है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यहां हरियाली, बैठक स्थल, ओपन स्पेस जैसे सार्वजनिक उपयोग के तत्व विकसित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को एक नया स्वच्छ व सुरक्षित सार्वजनिक स्थल मिल सकेगा।

## ट्रांसफॉर्मर में आग लगने के बाद भी क्षेत्र में विद्युत सप्लाई रही जारी

- सदर बाजार के व्यापारियों ने टोरंट पॉवर टीम की दक्षता को सराहा
- बिजली आपूर्ति बाधित होने देने के लिए टोरंट पावर को दिया धन्यवाद

एनएनआई

**आगरा।** सदर बाजार के पास स्थित अल्लाह बॉक्स सब स्टेशन पर एक बड़े ट्रांसफॉर्मर में मंगलवार को आग लगने कीघटना हुई। आग इतनी भयंकर थी कि फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाना पड़ा। इसके बावजूद टोरंट पावर की दक्ष टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे सदर बाजार और आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होने दी। वर्तमान में भी क्षेत्र में बिजली की सप्लाई सुचारू रूप से जारी है।

टोरेंट पावर के इस तत्परता कार्य की बाजार कमेटी सदर बाजार द्वारा सराहना की। बाजार कमेटी के हिमांशु सचदेवा ने कहाकि अग्निकांड की इतनी बडी घटना होने के बाद भी एक मिनट को विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हुई। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी तरह पूरे शहर में सुरक्षित और सुनिश्चित विद्युत आपूर्ति मिलती रहेगी। सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष भूषण कुमार, सचिव मयंक सौंधी और कोषाध्यक्ष संजीव अरोरा ने कहाकि अल्लाह बक्स विद्युत सब स्टेशन के दस एमबीए के ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना के बावजूद क्षेत्र में विद्युत सप्लाई लगातार जारी रही। इसके लिए टोरंट पॉवर की टीम बधाई की पात्र है।

## एसआईआर की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी सख्त

### कम प्रगति वाले चिह्नित बूथों पर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी करें पर्यवेक्षण

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की शहरी विधानसभाओं में धीमी प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शहरी विधानसभाओं में धीमी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा कम परफॉर्मेंस व धीमी प्रगति वाले बूथों की सूची तलब की। ऐसे सभी बूथों पर जिला स्तरीय अधिकारियों की बूथवार ड्यूटी लगा कर, जिम्मेदारी दे कर तत्काल संबंधित बूथों पर जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एसआईआर के अंतर्गत कम प्रगति वाले चिह्नित बूथों पर उक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारी पर्यवेक्षण करते हुए घर घर,डोर टू डोर नॉक करेंगे, वोटर एन्यूमेरेशन फॉर्म को अपने समक्ष भरवा कर,गणना पत्रों का संकलन करा, संबंधित बीएलओ व सुपरवाइजर के माध्यम से डिजिटाइज कराना सुनिश्चित करेंगे तथा प्रगति रिपोर्ट देंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि घर घर संपर्क कर फार्म संकलन का यह अंतिम अवसर है, कुछ मतदाता अब भी गणना पत्र प्राप्त कर रखे हैं,लेकिन उन्होंने अपने गणना पत्र बीएलओ को भरकर प्रदान नहीं किया है।

मतदाताओं द्वारा बीएलओ का सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि, सभी मतदाता अपना गणना पत्र तत्काल भरकर वापस करें,2003 की मतदाता सूची संबंधी जानकारी बीएलओ, सुपरवाइजर पूर्ण करेंगे। विधानसभा आगरा कैंट की पार्श्वनाथ पंचवटी, शंकर ग्रीन, एडीए हाइट्स, पार्श्वनाथ प्रेरणा, ताजनगरी फेस- 1, फेस - 2, आदि कालोनी,सोसायटीयों में शिकायत मिली है कि बीएलओ, सुपरवाइजर को डोर टू पहुंच व घर घर संपर्क में नहीं करने दिया जा रहा, बीएलओ को वहां के प्रबंधन द्वारा निर्देशित किया जाता है कि सोसायटी के क्लब हाउस पर बैठें ,वही सभी सोसायटी के लोग आयेंगे, इसी प्रकार शहरी विधानसभाओं आगरा नॉर्थ, आगरा साउथ आदि की भी विभिन्न बहुमंजिला रिहायशों, गेट बंद कॉलोनियों,सोसायटियों में बीएलओ, सुपरवाइजर का सहयोग न करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

# मूक बधिर, दिव्यांग बच्चों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

## विश्व दिव्यांग दिवस पर माध्यमिक विद्यालयों की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

- प्रतिभागियों के हौंसले और जुनून से अचंभित हुए सभी



एनएनआई

**आगरा।** माध्यमिक विद्यालयों के दिव्यांग छात्राओं के लिए अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज शाहगंज में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक मुकेश चंद्र अग्रवाल एवं जिला विद्यालय निरीक्षक चन्द्रशेखर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया । इस अवसर डॉ मुकेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि आज दिव्यांग बालक किसी से पीछे नहीं है और पैरा ओलंपिक में भारत का उत्कृष्ट प्रदर्शन इसका एक उदाहरण है। जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर ने कहा कि आज छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन उनकी विभिन्न क्षेत्र में छिपी प्रतिभा को दशार्ता है। आज आयोजित प्रतियोगिताओं में मूक बधिर बच्चों के कार्यक्रम में 50 मीटर दौड़ ,खो-खो और रस्साकसी की प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें 50 मीटर दौड़ के लिए तुलाराम इंटर कॉलेज से बालक वर्ग में कक्षा 9 के छात्र आजाद एवं बालिका वर्ग में छात्रा सुदर्शन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो खो खेल में वरुण, तनुज और देव बालक वर्ग से और रूबी नंदिनी मुस्कान बालिका वर्ग से उत्तम प्रदर्शन दिखाया एवं रस्सा कसी प्रतियोगिता में बालक वर्ग से सुमित, कौशल,आर्यन और बालिका वर्ग से काकुल, डोली एवं दीक्षा ने उत्तम प्रदर्शन दिखाया।

दृष्टि बाधित बच्चों के कार्यक्रमें में लुसेंट कॉनवेंड इण्टर कॉलेज के बच्चों का दव दवा बना रहा जिसमें छूकर पहचानो प्रतियोगिता में कु0 सानिया प्रथम दिव्या ने द्वितीय एवं कल्पना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बालक वर्ग में तुलाराम इंटर कॉलेज से वरुण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग में कुमारी डॉली राजकीय हाई स्कूल बल्हेरा से प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज आगरा के प्रधानाचार्य मानवेंद्र सिंह द्वारा सभी विजेता एवं प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता बी डी पाराशर ने किया। इस अवसर पर डायट प्राचार्य अनिरुद्ध यादव, प्रधानाचार्य सुजीत कुमार, अनिल वशिष्ठ, ए के सिंह प्रवक्ता डायट डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय, जिला समन्वयक डब्लू एन मिडिल सहित निर्णायक मंडल के रूप में रिनेश मित्तल, बृजेश कुमार, श्याम धाकरे, सुरेश भारती, अनिल कुमार, रवि प्रकाश, संजय नेहरू , पंकज कुमार सहित अनेक शिक्षकों का सहयोग रहा।

# आरबीएस में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण दिवस मनाया गया



एनएनआई

**आगरा।** आरबीएस इण्टर कॉलेज खन्दारी में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद आगरा के समस्त परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग छात्र छात्राओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लिया गया। उक्त प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, रस्सा कसी, कुर्सी दौड़, चित्रकला प्रतियोगिता, के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किये गये। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हिमानी बुन्देला, कौन बनेगा करोड़पति विजेता/अध्यापिका केन्द्रीय विद्यालय आगरा द्वारा प्रतिभाग कर दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया एवं प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं हेतु अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज शाहगंज में विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे माध्यमिक विद्यालयों मे अध्ययनरत छात्रों द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया तथा खेल प्रतियोगितायों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# जागरूकता अभियान में सिंधी समाज ने एसआईआर को दिया बल



- कमला नगर स्थित सिंधु भवन में हुई बैठक

एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर स्थित सिंधु भवन में बुधवार को सिंधी समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक में समाजसेवी चंद्रप्रकाश सोनी,घनश्याम दास देवनानी एवं श्याम भोजवानी के नेतृत्व में सभी समाजबंधुओं ने एकजुट होकर एसआईआर की आवश्यकता और महत्व पर विस्तृत चर्चा की तथा जागरूकता संदेश दिया। समाज के लोगों ने कहा कि एसआईआर सिस्टम के लिए आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित प्रक्रिया को समय रहते पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। संदेश में विशेष रूप से बताया गया कि 11 तारीख अंतिम तिथि है, इसलिए सभी समाजजन अपने-अपने बीएलओ से मिलकर, क्षेत्र-वार अपने वोट सत्यापित एवं पक्के करा लें। सिंधी समाज की इस पहल का उद्देश्य है कि समाज के अधिक से अधिक लोग एसआईआर में सक्रिय रूप से शामिल होकर अपने अधिकारों और दस्तावेजों को सुरक्षित एवं अद्यतन करा सकें। बैठक में यह भी अपील की गई कि अन्य समाज भी इस जागरूकता को आगे बढ़ाएँ, ताकि अधिकतम नागरिक समय पर अपना कार्य पूरा कर सकें,मनोज नौतनानी ने बताया सिंधी समाज द्वारा दिया गया यह संदेश क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, मुख्य रूप से चंद्रप्रकाश सोनी, घनश्याम दास देवनानी, श्याम भोजवानी परमानंद आतवानी, जगदीश डोडानी, गुरमुख वयानी,मनोज केसवानी, लक्ष्मणदास रामतरी,अमर कंधारी, जय कलवानी, महेश नारायणी, बाबूलाल दयानी, दीपक केसवानी,रवि चांदला, सुनीता भोजवानी, शिविका बजाज, अंजू बजाज, वर्तिका वयानी, अजय, आदि।

# अब और भी सुविधाजनक होंगे ताज के दीदार

- पार्किंग और गोल्फ कार्ट वेटिंग रूम के समीप लगाई जा रही कैनोपी, पर्यटकों को धूप-बारिश से मिलेगी राहत
- पर्यटकों के लिए सेंड स्टोन बेंच और आधुनिक पिंक टॉयलेट का हो रहा निर्माण



एनएनआई

**आगरा।** योगी सरकार आगरा के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने और ताजमहल सहित अन्य स्मारकों का दीदार करने आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा ताजमहल के समीप कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। एडीए उपाध्यक्ष एम. अरुनामौली ने बताया कि सरकार की मंशा है कि ताजमहल व अन्य स्मारकों को देखने आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए ताजमहल पश्चिमी गेट पार्किंग, जो कि नीम तिराहे के पास स्थित है, और गोल्फ कार्ट वेटिंग रूम के समीप पर्यटकों को धूप और बारिश से बचाने के लिए कैनोपी लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही, बैठने के लिए सेंड स्टोन ब्रेंच और आधुनिक पिंक टॉयलेट का निर्माण भी किया जा रहा है। पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए ताजमहल के पश्चिमी और पूर्वी गेट पर उपलब्ध क्लॉक रूम में अब लॉकर लगाने का कार्य शुरू हो गया है। इससे पर्यटक अपने सामान को और अधिक सुरक्षित महसूस करते हुए ताजमहल का भ्रमण कर सकेंगे। इसके साथ ही सौंदर्यीकरण के लिए शिल्पग्राम रोड पर सड़क किनारे लगे पेड़ों के सामने फसाड लाइटिंग का काम किया जा रहा है, जिससे रात्रि में यह क्षेत्र और भी आकर्षक दिखेगा। एडीए उपाध्यक्ष एम. अरुणामौली ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर पर्यटक आगरा से एक सुखद अनुभव लेकर जाए। इन छोटी- छोटी लेकिन महत्वपूर्ण सुविधाओं के विस्तार से आगरा का पर्यटन ग्राफ ऊपर जाएगा और पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। यह पहल न केवल पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाएगी, बल्कि आगरा की छवि को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगी




# स्पेशल बच्चों की दमदार परफॉर्मेंस ने जीता दिल

## रिवाज संस्था ने मूक बधिर बच्चों के लिए आयोजित की प्रतियोगिताएं, मेडल्स पाकर खिले चेहरे







एनएनआई

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर रिवाज संस्था, आगरा द्वारा विजय नगर स्थित राजकीय संकेत विद्यालय में मूक-बधिर बच्चों के लिए खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कबड्डी, भाला फेंक, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी शानदार प्रतिभा और ऊर्जा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रशस्ति पत्र डॉ. जुगल इंदोलिया द्वारा प्रदान किए गए और मेडल विशाल रायजादा के हाथों पहनाए गए।

कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु खेल व्यवस्था भूपेंद्र सिंह और सोम्या कौशल द्वारा अत्यंत कुशलता से संभाली गई। संस्था की संस्थापक एवं निदेशक मधु सक्सेना ने सभी दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, साहस और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता ने रिवाज संस्था के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रिचा गर्ग, पूजा बंसल, दीप्ति गर्ग, पारुल चौहान, श्वेता वार्ष्णेय, पूनम वाधवा, कंचन रहेजा, शिल्पी, आशी अग्रवाल, चेतन चौहान, चारु मित्तल, राहुल बंसल, पूनम अग्रवाल, सुषमा प्रकाश, दीपा शर्मा , सोनिया गर्ग, अरुणा अशोक सहित अन्य सहयोगी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के अदम्य साहस, रचनात्मकता और प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर सम्मानित हुए मुकेश शुक्ला

एनएनआई

**आगरा।** विश्व दिव्यांगता दिवस (3 दिसंबर 2025) के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांगजन के कल्याण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को राज्य सम्मान प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहे, जिन्होंने दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के रूप में मुकेश शुक्ला (अध्यक्ष, स्पेशल ओलंपिक भारत-उत्तर प्रदेश) को राज्य पुरस्कार प्रदान किया।



मुकेश शुक्ला को यह सम्मान स्पेशल ओलंपिक भारत, उत्तर प्रदेश के माध्यम से दिव्यांगजन के खेल, कला, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उनके बहुआयामी योगदान तथा सामाजिक समावेशन को मजबूत करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया। उनके नेतृत्व में प्रदेश के लाखों दिव्यांग खिलाड़ियों एवं प्रतिभाओं को नई दिशा, नए अवसर और नई पहचान मिली है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद मुकेश शुक्ला ने कहा, मैं मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने हमारे कार्य को पहचाना। यह पुरस्कार हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। जब तक देश के दस प्रतिशत दिव्यांगजन विकसित भारत की सक्रिय यात्रा का हिस्सा नहीं बनेंगे, तब तक विकास अधूरा रहेगा। समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्था को प्रतिवर्ष दिव्यांग जनों के लिए एक ठोस कार्य की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। यदि हम ऐसा कर पाए, तो आने वाले वर्षों में हम दिव्यांगजन को और अधिक सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बना सकेंगे।

# आर्ट्स व साइंस स्ट्रीम के छात्र भी बन सकते हैं सीए

- कम लागत, ऊँची उड़ान, करियर काउंसलिंग में चमका सीए का भविष्य
- सीए कोर्स हर वर्ग के छात्रों के लिए वरदान, औसत 15 लाख का पैकेज, असीम संभावनाएँ



एनएनआई

**आगरा।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स यानि सीए का नाम सुनते ही यह लगता है कि वाणिज्य से पढ़ाई करने वाला ही सीए बन सकता है। जबकि ऐसा नहीं है बल्कि कला, वाणिज्य एवं विज्ञान तीनों संकाय में से किसी भी स्ट्रीम का छात्र न केवल सीए की पढ़ाई कर सकता है और इसमें सफलता के परचम भी लहरा सकता है। ये बातें द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से आयोजित करियर काउंसलिंग सेमिनार में शास्त्रीपुरम स्थित गायत्री पब्लिक स्कुल में सीए रूपल गर्ग ने कही।

शाखा अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने बताया कि सीए एक ऐसा पेशा है जिसमें न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी असीम संभावनाएँ हैं। आज के समय में कंपनियों, बैंकों, सरकारी विभागों और अंतरराष्ट्रीय फर्मों में पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की बड़ी मांग है। आर्टिकलशिप (इंटर्नशिप) में सीए फाउंडेशन, सीए इंटरमीडिएट, और सीए फाइनल तीनों की ट्रेनिंग सीए छात्रों को प्रोफेशन में सक्षम बनाती है। मुख्य वक्ता सीए रूपल गर्ग ने कहा कि सीए बनने के बाद विद्यार्थी टैक्सेशन, ऑडिट, इन्वेस्टमेंट प्लानिंग, बैंकिंग, फाइनेंशियल एनालिसिस जैसे अनेक क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। सीए एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें उच्च आय, प्रतिष्ठा और स्थिरता तीनों प्राप्त होती हैं। पूरे कोर्स की लागत बच्चे को स्टाइपेंड के रूप में वापस मिल जाती है। सीए बनने के बाद औसत प्लेसमेंट पैकेज 15 लाख है। प्रबंध निदेशक प्रद्युम्न चतुर्वेदी ने बताया कि वक्ताओं ने कॉन्सलिंग में प्रवेश योग्यता, परीक्षा पैटर्न और समयप्रबंधन की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। सेमिनार में कक्षा 9 से 12 तक के करीब 550 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में बच्चो की जिज्ञासा को शांत किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## विद्या मंदिर में हुआ गीता का सामूहिक वाचन



**आगरा एनएनआई।** सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर विद्यालय में श्रीमद् भागवत गीता का उद्भव दिवस बड़े पावन एवं भव्य तरीके से मनाया गया। शुभारंभ श्री भगवद्गीता के पूजन से हुआ। उसके बाद सभी छात्रों द्वारा श्रीकृष्णामंडपम में गीता के द्वादश अध्याय के सामूहिक वाचन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने गीता के महत्व को प्रकट करतीं अपनी पेंटिग्स का भी प्रदर्शन किया। उपप्रधानाचार्य अरविंद कुमार मिश्रा ने भगवत गीता के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा प्रदान की।अंत संयोजक नारायण चतुर्वेदी ने गीता में छिपे रहस्यों को प्रकट करते हुए जीवन में कर्म के सिद्धांत की व्यापकता का संदेश दिया। शक्तिमान, अंकित, प्रवीन शर्मा का योगदान रहा।

## संस्कार केंद्र का उद्घाटन



**आगरा एनएनआई।** श्याम लाल सरस्वती शिशु मंदिर यमुना ब्रिज आगरा में संस्कार केंद्र का उद्घाटन किया गया। समाजसेवी जगदीश यादव, श्याम, रमेश ने मां इसका उद्घाटन किया । प्रधानाचार्य श्री उत्तम सिंह ने विद्या भारती का परिचय देते हुए संस्कार केंद्र के महत्व को समझाया तथा अतिथि महोदय से केंद्र की चिंता करने का आग्रह किया उद्घाटन सत्र में सम्मिलित हुए बच्चों के अभिभावकों के चेहरे खिल उठे।

## दिव्यांग नेता का किया सम्मान



**आगरा एनएनआई।** विश्व दिव्यांग दिवस पर मलपुरा निवासी राष्ट्रीय तैराक व दिव्यांग नेता रामेश्वर बघेल, हेत सिंह ठाकुर आदि का स्वाफा माला पहनाकर स्वागत किया व विश्व दिव्यांग दिवस की बधाई दी। मौके पर भाजपा नेता थान सिंह सोलंकी, दिव्यांग समाजसेवी अजय कुमार मिश्रा, नीरज चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील राजपूत, भानु लावनियाँ आदि रहे।

# छोटे भाई की पत्नी के परिजनों ने बड़े भाई पर किया हमला

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** सगे भाइयों के बीच जमीन विवाद में खूनी रंग ले लिया। बुधवार सुबह करीब 6 बजे छोटे भाई की बहू के ससुराल पक्ष के लोग आगरा से सीकरी पहुंचे और बड़े भाई के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में बड़े भाई, उनकी पत्नी और बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को सीकरी स्वास्थ्य केंद्र भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शिवपुरी (सीकरी) में दो सगे भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन-जायदाद का विवाद चल रहा था। आरोप है कि छोटे भाई की बहू के परिजनों ने झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर बड़े भाई की बेटियों और मां के साथ भी मारपीट की। दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बटेश्वर:180 करोड़ की लागत से हो रहा धार्मिक विकास

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर में 180 करोड़ की लागत से हो रहे धार्मिक पर्यटन के विकास से श्रद्धालु ही नहीं, विदेशी सैलानी भी अभिभूत हैं। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के हैदर बटेश्वर पहुंचे। उन्होंने यमुना किनारे विकसित हो रहे घाट, संरक्षित हो रहे मंदिर से लेकर सेल्फी प्वाइंट देखे। तराशे जा रहे पत्थरों पर की गई नक्काशी को देखा, जिन्हें संरक्षित हो रहे मंदिरों में लगाया जा रहा था। हैदर ने अपने गाइड गजेन्द्र सिंह डागर के माध्यम से बटेश्वर के पर्यटन विकास के बारे में जाना, विरासत के संरक्षण से वह अभिभूत दिखे। शिव मंदिर श्रृंखला के घाटों का आचमन कर बहती यमुना नदी के नजारे को अपने कैमरे में कैद कर ले गये। बतादें कि बटेश्वर में उत्तर प्रदेश सरकार 106 करोड़ की लागत से मंदिर, घाट का संरक्षण, कुंड एवं मंदिर कारीडोर का विकास करा रही है। जबकि केन्द्र सरकार ने भी अटल से जुड़े स्मृति स्थल एवं ब्रज की काशी के विकास के लिए 74 करोड़ रुपये मंजूर किए गये हैं। जिससे बटेश्वर की विरासत का वैभव दिखने लगा है। जिससे दर्शन पूजन को आने वाले श्रद्धालु अभिभूत हुए बिना नहीं रहते।



# शराब के सेल्समैन से 36 हजार रुपये लूटे

**पिनाहट** एनएनआई। शराब के ठेके को बंद कर घर वापस लौट रहे। सेल्समैन से 36000 की लूट कर अज्ञात बाइक सवार भाग गये है। जिसमे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना बासौनी के गांव पुरा ताल कैजरा के रहने वाले सतीश सिंह ने बताया कि वो बासौनी स्थिति देशी शराब के ठेके पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं। ग्राहक नहीं होने पर रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर अपने घर अपनी बिजली की स्कूटी से जा रहा था। तभी गांव वीरमपुरा में चढाई से पहले ही सामने से आए अज्ञात बाइक सवार मेरे हाथ से बैग लूटकर भाग गये। जिसमें बिक्री के नगद 36000 रुपये थे। जिनको लूट ले गये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सांस्कृतिक मूल्यों एवं अपनी जड़ों से जुड़ने की सीख देती है भागवत कथा

एनएनआई

**बाह।** विधायक पक्षालिका सिंह ने व्यासपीठ को नमन करते हुए कहा कि भागवत कथा नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है। हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और समुदायों के बीच एकता की भावना पैदा करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे सामाजिक सद्भाव बना रहता है। सांस्कृतिक मूल्यों एवं अपनी जड़ों से जुड़ने की सीख मिलती है। जब संस्कृति सुरक्षित रहती है तो समाज भी अक्षुण्ण बना रहता है। बुधवार को आचार्य रामनजर शास्त्री, उनके बेटे हरिओम शास्त्री ने भागवत कथा में कृष्ण रुक्मिणी विवाह एवं महारास की कथा सुनाई। भजनों संग कथा पांडाल में लोग झूम उठे। आयोजक रामनिवास गुप्ता, नवीन कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, पूनम गुप्ता, किरन गुप्ता ने विधायक पक्षालिका सिंह को सम्मानित किया। विधायक पक्षालिका सिंह ने भागवत कथा श्रवण का पुण्यलाभ अर्जित किया।




# लूट कर भागे बाइक सवार, मुकदमा दर्ज

**पिनाहट** एनएनआई। सड़क किनारे खड़े युवक के हाथ से मोबाइल और रुपयों का बैग बाइक सवार लूटकर भाग गये। जिसका 12 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना पिनाहट के गांव कुकथरी के रहने वाले अजय ने बताया कि 21 नवम्बर को वह अपने दोस्त भानू के साथ शाम करीब 6 बजे अर्जुन पुरा पुलिया से नगला दलेल की ओर पैदल जा रहे थे। तभी पीछे की ओर आए एक बाइक पर तीन सवार लोग मेरे हाथ से बैग छीनकर आगे की ओर भाग गये। बैग में करीब आठ हजार रुपये और वन प्लस कंपनी का एक मोबाइल फोन था। पीड़ित कि शिकायत के 12 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नहीं रहे बीहड़ में शिक्षा के शिखर पुरुष डॉ. प्रमोद गोस्वामी

एनएनआई



**बाह।** दामोदर इंटर कॉलेज होलीपुरा के प्रधानाचार्य के रूप में बीहड़ क्षेत्र में अपने काल के शिक्षा के शिखर पुरुष रहे डॉ. प्रमोद कुमार गोस्वामी (92) नहीं रहे। बुधवार को आगरा स्थित बुलंद वैली अपार्टमेंट में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह अपनी पत्नी श्रीमती रतन के साथ रहते थे। बेटा विनय गोस्वामी ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं। पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वह ऑस्ट्रेलिया से आगरा के लिए चल दिए हैं। ताजगंज के मोक्षधाम में होने वाले अंतिम संस्कार में वह मुखाग्नि देंगे। शिक्षा के लिए समर्पित कर्तव्यनिष्ठ, निडर, स्वाभिमानी व्यक्तित्व के धनी डॉ. प्रमोद कुमार गोस्वामी प्रखर वक्ता रहे हैं। कवि राजकुमार रंजन ने बताया कि अमर सुभाष खण्ड काव्य उनकी प्रेरणा से लिखा था। वो दिन कभी नहीं भूल पाऊंगा। डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, रणवीर सिंह तोमर, विनय भदौरिया आदि ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# अब खेरागढ़ कस्बे में भारी वाहनों पर प्रतिबंध, समय निर्धारित

**खेरागढ़** एनएनआई। खेरागढ़ कस्बे में लगने वाले जाम से लोगों को राहत, थाना खेरागढ़ प्रभारी मदन सिंह ने कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश से लगातार होने वाले जाम की स्थिति को नई पल के साथ नित दिलाने में सफलता हासिल की है। कश्मीर में लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से खेरागढ़ थाना प्रभारी मदन सिंह ने बाहरी वाहनों के प्रवेश के लिए निर्धारित समय लागू कर दिया है। अब सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि स्कूली बसें और यात्री वाहन इस प्रतिबंध मैं शामिल नहीं होंगे। थाना प्रभारी ने बताया कि कस्बे के भीतर भारी वाहन जाम की मुख्य वजह बन रहे थे। यातायात व्यवस्था सुधरे इसके लिए यह कदम जरूरी था। थाना प्रभारी का कहना है कि जाम की समस्या के समाधान के लिए समयबद्ध आवाजाही लागू की गई है।

# चोरी की बाइक बरामदगी को ली रिश्वत, पांच पर केस दर्ज

एनएनआई

**खेरागढ़।** जगनेर बाइक चोरी होने के बाद पुलिस ने बरामदगी के लिए रिश्वत मांगी। दो बार में तीस हजार की रिश्वत बैंक खातों में डलवाई गई। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुकदमा दर्ज करने के लिए न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर बसई जगनेर थाना प्रभारी सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

बसई जगनेर के गांव नसौआ निवासी जितेश कुमार ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जितेश ने बताया 11 अप्रैल 2023 को वह खेत पर बाइक से फसल की कटाई हेतु गया था। यहां से बाइक चोरी हो गई। जितेश ने थाना बसई जगनेर पुलिस से लिखित में शिकायत की, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। 28 अप्रैल को दोबारा से पुलिस से शिकायत की गई। तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी ने रिश्वत के लिए दबाव बनाया। इसके बाद बाइक बरामद करने के लिए इंस्पेक्टर के साथ ही उनके साथी तथा गांव के तीन लोग रुपए देने के लिए दबाव बना रहे थे। और पीड़ित पर दबाव बनाकर पहले से ही आठ हजार व दूसरी बार में सात हजार की कुल रकम पन्द्रह हजार की रकम थाना प्रभारी के परचित के खाते में जमा की गई। उसके बाद बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ बाइक को गांव के तीनों युवकों ने ही छुपा लिया था। थाने में तेरी देने पर मुकदमे में फंसने की धमकी भी दी गई। पीड़ित की तैयारी पर पुलिस ने धारा 120बी, 506,504,420,421,424, के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसीपी प्रीत दुबे ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है प्रकरण की जांच की जा रही है। पीड़ित ने रिश्वत लेने के मामले की शिकायत गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की थी। तत्कालीन थाना प्रभारी ने बताया कि दो बार इस प्रकरण में जांच हो चुकी है दोनों बार उन्हें क्लीन चिट मिली है।

## संपादकीय

# गिरता रुपया और धुंधले आंकड़े

वर्तमान में डॉलर का मूल्य 89 रुपये से अधिक हो चुका है। अंदेशा है कि अगले कुछ दिनों में एक डॉलर की कीमत 90 रुपये से अधिक तक पहुंच सकती है। मुद्रा विनिमय सूचकांकों के मुताबिक इस वर्ष भारतीय रुपया एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा है। भारत के मुद्रा कारोबारियों की नजर अमेरिका से संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर टिकी है। ये समझौता हुआ, तो भारत से विदेशी निवेश के निकलने की रफ्तार धीमी हो सकती है, जिससे रुपये को सहारा मिलेगा। ताजा आंकड़ों के मुताबिक बीता सितंबर फिर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिहाज से नकारात्मक महीना रहा। हालांकि सितंबर में 6.6 बिलियन डॉलर की एफडीआई आई, मगर भारत से नौ बिलियन डॉलर बाहर गए।यानी उससे 2.4 बिलियन डॉलर अधिक, जितनी एफडीआई भारत आई। रुपये की कीमत में लगातार हुई गिरावट के पीछे भारत से पूंजी का बाहर जाना एक प्रमुख कारण रहा है। दूसरी खास वजह अमेरिका का टैरिफ युद्ध है, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों को बुरी तरह प्रभावित किया है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के भारतीय निर्यात पर लगाए 50 फीसदी आयात शुल्क का दुष्प्रभाव भी वो पहलू है, जिस कारण विदेशी और यहां तक कि भारतीय निवेशक भी पूंजी बाहर ले जा रहे हैं। उनकी प्राथमिकता वैसे देशों में पूंजी निवेश है, जहां के उत्पादों के लिए अमेरिकी बाजार में अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल स्थितियां हैं।भारत के लिए एक अन्य चिंताजनक खबर यह है कि रुपये के सस्ता होने के बावजूद भारत के चालू खाते का घाटा अक्टूबर में और बढ़ गया। कहा जा रहा है कि ऐसा स्वर्ण का अधिक आयात होने की वजह से हुआ। बहरहाल, कारण चाहे जो हो, ऐसी खबरें बाजार में नकारात्मक धारणाएं बनाती हैं। उसका असर निवेशकों पर पड़ता है। अभी बनी नकारात्मक धारणाओं का ही असर है कि भारत सरकार के बॉन्ड पर ब्याज दरें बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। यानी अभी जो बॉन्ड से पैसा जुटाया जाएगा, संभव है उस पर देनदारी बढ़ जाए। कुल मिला कर माहौल गंभीर हैं। अब इसे जीडीपी के आंकड़ों से इसे संभालने की कोशिश हो रही है। जिस समय डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत गिरने के बावजूद व्यापार घाटा बढ़ने का ट्रेंड हो, 8.2 फीसदी की वृद्धि दर हासिल करना सवाल खड़े करता है। जाहिर है, जीडीपी वृद्धि दर के ताजा सरकारी आंकड़े को आर्थिक मोर्चे पर एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है, लेकिन अगर इसका असर जमीनी स्तर पर भी स्पष्ट दिखे और जनता को उसका लाभ सीधे महसूस हो, तभी इसका कोई अर्थ है। जीडीपी वृद्धि दर को जितनी सुर्खियों में दिखाया जाता है पर यह नहीं बताया जाता कि यह दर किस आधार पर हासिल हुई और कुल (नोमिनल) और वास्तविक वृद्धि दर में कितना फर्क है। 2024-25 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात तिमाहियों में सबसे निम्न स्तर पर रही थी। स्पष्टतः उस निम्न आधार के कारण ताजा दर काफी ऊंची नजर आती है इस बार नोमिनल जीडीपी 8.07 प्रतिशत दर्ज हुई। सरकार ने इससे 0.5 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर को घटाया, इसलिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 8.2 फीसदी बताई गई है। मगर दूसरी तिमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर 1.9 प्रतिशत थी। पहले के चलन के तहत अगर नोमिनल दर को इससे डिफ्लेट किया जाता (यानी इसे घटाया जाता), तो जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत नजर आती।सवाल यह है कि जिस महंगाई दर के आंकड़े के आधार भी वृद्धि दर के आंकड़े में शामिल माने जाते हैं, क्या उसमें वास्तव में इतनी कमी आई है? महंगाई दर के कम होने को लेकर सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के बरक्स यह छिपा नहीं है कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों के मामले में आम लोगों के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं।

बहरहाल, ये सब आंकड़ों की बातें हैं। बेवजह नहीं है कि सरकार के ताजा आंकड़ों पर कुछ सवाल उठ रहे हैं और कहा जा रहा है कि जब तक निजी निवेश और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वास्तविक उछाल नहीं आता, तब तक ऐसे आंकड़े टिकाऊ नहीं हो सकते। दूसरी ओर, सरकार की ओर से जीडीपी वृद्धि दर को लेकर ये आकलन ऐसे समय जारी किए गए, जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ ने अपनी एक रपट में भारत की अर्थव्यवस्था के वार्षिक मूल्यांकन में यहां के राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में गंभीर खामियां बताते हुए इन्हें 'सी' श्रेणी में रखने की बात कही है। आईएमएफ के मुताबिक भारत के राष्ट्रीय खाता की संख्याओं में ऐसी खामियां हैं, जिनकी वजह से अर्थव्यवस्था के वास्तविक प्रदर्शन की निगरानी बाधित हो जाती है।भारत के संदर्भ में जीडीपी को मापने के दोनों तरीकों- आय की गणना और खर्च की गणना से आने वाली संख्या में ठोस फर्क आ जाता है। भारत में जीडीपी सरकार, जनता और कंपनियों की आय के आधार पर मापी जाती है। आदर्श स्थिति वह होती है कि जब उनके खर्च को आधार बनाया जाए, तब भी संख्या कमोबेस समान रहे। मगर भारत में ऐसा नहीं हो रहा है। इससे जीडीपी आंकड़ा समस्याग्रस्त हो जाता है। इसका परिणाम होगा कि भारत की ऊंची वृद्धि दर को अनेक हलकों में संदेश की निगाह से देखा जाएगा। यदि जीडीपी वृद्धि दर को लेकर एनएसओ के आंकड़े अगर अर्थव्यवस्था के वास्तविक धरातल पर सही हैं, तो यह देश के लिए राहत की बात है।

# गोवा शानदार पर्यटन स्थल




**गोवा सुनते ही आपके दिमाग में क्या आता है? धूप से नहाए समुद्र तट, पानी में खेल-खुद , नदी की सैर, भव्य झोपड़ियाँ और समुद्री भोजन। इसके अलावा, गोवा के आकर्षक कबाड़ी बाजार और जगमगाती नाइटलाइफ दुनिया भर के पर्यटकों को लुभाती है। लेकिन जब आप लंबे सप्ताहांत पर गोवा में 3 दिन बिताने की योजना बना रहे हों तो आपको क्या करना चाहिए, यह हमारे छोटे 3-दिवसीय गोवा गाइड में बताया गया है**

सर्दियों के महीनों में 3 दिनों में गोवा घूमने का सबसे अच्छा समय होता है। मौसम ठंडा और सुखदायक रहता है, और पर्यटक सर्दियों के दौरान रोमांचक जल क्रीड़ाओं और समुद्र तट गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। इसके अलावा, गोवा में



सनबर्न, क्रिसमस और नए साल जैसे कई त्योहार हैं जो बेहद भव्यता के साथ मनाए जाते हैं और इस मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। मानसून के मौसम में गोवा के समुद्र तट स्फूर्तिदायक दिखते हैं। हालांकि बरसात के मौसम में जल क्रीड़ाएं चालू नहीं होती हैं, लेकिन ताजा बारिश और शानदार परिदृश्य मानसून को सभी प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफरों के लिए 3 दिनों की गोवा यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय बनाते हैं।

गोवा घूमने का प्लान हमेशा ऑफ सीजन में करना चाहिए जिससे आपको सुकून के पल और खूब आराम से घूमने मिलेगा और रहने खाने में भी ज्यादा पैसे नही लगेंगे। आप यहां रुकने के लिए अच्छे से अच्छे हॉस्टल में रुक सकते हैं जो आपको 350 रुपए से 500 के बीच मिल जायेगा। इसके अलावा यहां बजट के अनुरूप होटल्स भी है। लग्जरी होटल्स की भी भरमार है।

## स्कूटी या पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ले सहारा

गोवा में एंजॉय करके घूमने का सबसे अच्छा साधन स्कूटी या बाइक होता है, आपको 200 से 500 के बीच रेंट पर स्कूटी मिल जायेगी गोवा में पेट्रोल थोड़ा सस्ता मिलता हैं। या आप बस का भी उपयोग कर सकते हो जिसे आपके जेब पर काम असर पड़ेगा।

## गोवा स्ट्रीट फूड

गोवा का स्ट्रीट फूड बहुत स्वादिष्ट और सस्ता होता है। इसलिए आप स्ट्रीट फूड और थाली सिस्टम के जरिए खाने का स्वाद ले जो आपको वेज थाली 100 से 150 रुपए में पड़ेगी और नॉनवेज थाली आपको 250 से 300 में पड़ेगी।

## करे स्ट्रीट शॉपिंग

गोवा में शॉपिंग के लिए सबसे अच्छा और सस्ता होता है। आप यह के नॉर्थ गोवा में कलंगुट बीच में शॉपिंग करे आपको 200 से 500 के अंदर अच्छी अच्छी चीजे मिल जाएंगी।

## गोवा के सुन्दर समुद्र तट

गोवा सुंदर समुद्र तटों के बारे में है। चाहे उत्तर हो या दक्षिण, समुद्र तट वास्तव में मंत्रमुग्ध कर देने वाले हैं और कोई भी यहां आराम कर सकता है, धूप सेंक सकता है, आराम कर सकता है या बेहद रोमांचकारी जल क्रीड़ाओं का आनंद ले सकता है। यदि आपके पास गोवा में केवल 3 दिन हैं, तो आधे दिन की पर्यटन यात्रा की योजना बनाएं और समुद्र तट पर घूमने का आनंद लें। कैलंगुट, बागा, कैंडोलिम, कोलवा, अगोंडा और पालोलेम समुद्र तटों पर जाएँ और प्राकृतिक



सुंदरता, घटती भीड़, समुद्र तट झोंपड़ियों और पानी के रोमांच का आनंद लें।

## फोर्ट अगुआड़ा

कैंडोलिम समुद्र तट से घिरा, फोर्ट अगुआड़ा एक सदियों पुराना पुर्तगाली किला है, जिसे 17वीं शताब्दी में बनाया गया था, जिसे आपको परिवार के साथ 3 दिनों के लिए अपने गोवा यात्रा कार्यक्रम में शामिल करना चाहिए। किले का निर्माण पुर्तगाली समुदाय को मराठा और डच हमलों से बचाने के लिए किया गया था। परिसर के अंदर स्थित मीठे पानी के झरने के कारण किले का नाम अगुआड़ा रखा गया जिसका अर्थ है पानी। फोर्ट अगुआड़ा को गोवा में सबसे अधिक देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है जो बॉलीवुड फिल्म दिल चाहता है की शूटिंग के बाद और अधिक लोकप्रिय हो गया है।



## दूधसागर झरना

भारत का 5वां सबसे बड़ा झरना, दूधसागर गोवा में अवश्य देखने योग्य स्थानों में से एक है। कुलेम के पास स्थित, यह भव्य झरना प्रसन्नता और आश्चर्य का दृश्य है जिसे आपको गोवा के लिए अपनी 3 दिवसीय योजना में अवश्य शामिल करना चाहिए। यह देखने के लिए गोवा से 60 किमी की सुंदर ड्राइव का आनंद लें कि यह मंत्रमुग्ध कर देने वाला झरना घनी हरियाली के बीच कई परतों में कैसे गिरता है। आपको दूधसागर के लिए आधा दिन रखना होगा।

**गोवा में कई और जगहें हैं, जिनमें शामिल हैं**


मंदिरः मंगेशी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, बोगदेश्वर मंदिर

बाजारः अंजुना पिस्सू बाजार

संग्रहालयः गोवा राज्य संग्रहालय, नवल एविएशन म्यूजियम

क्लबः टीटो नाइटक्लब

रेस्टोरेंटः कैफे मेम्बो, टिटो का, कर्लीज, मार्टिन कॉर्नर




# पुण्यतिथि पर याद किए गए शशि कपूर

शशि कपूर की पुण्यतिथि पर आज अभिनेता जैकी श्रॉफ ने उन्हें भावपूर्ण नमन किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि शशि कपूर हमारी यादों में हमेशा रहेंगे। बतौर बाल अभिनेता अभिनय शुरू करने वाले शशि कपूर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले भारत के शुरुआती कलाकारों में शामिल रहे। उन्होंने ब्रिटिश व अमेरिकी फिल्मों के साथ हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दीं। कला क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण और दादा साहब फाल्के पुरस्कार भी मिला। लंबे समय तक बीमार रहने के बाद उनका निधन 4 दिसंबर 2017 को हुआ था। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए। उन्होंने फिल्मों के साथ-साथ थिएटर भी किया है। इस दौरान उनकी मुलाकात गोदफ्रे की बेटी जेनिफर से हुई थी। उन्होंने जेनिफर के साथ कई नाटकों में हिस्सा लिया। इसी बीच दोनों की दोस्ती हुई और फिर प्यार परवान चढ़ा, और कहते हैं कि शशि ने 20 साल की उम्र में ही जेनिफर से शादी कर ली थी। दोनों के तीन बच्चे हैं।



# मलाइका अरोड़ा ने समाजिक दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाए

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने इंटरव्यू में कहा कि समाज महिलाओं के फैसलों पर जल्दी निर्णय सुनाता है, जबकि पुरुषों को लेकर वही सख्ती नहीं दिखाई देती। उन्होंने कहा कि कम उम्र की महिलाओं से शादी करने पर पुरुषों पर सवाल नहीं उठते, लेकिन महिलाओं पर लगातार टिप्पणियां होती हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने फैसलों पर आत्मविश्वास रखने का संदेश दिया। मलाइका की बात सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी और कई लोगों ने उनका समर्थन किया। मलाइका ने कहा, लोग औरतों को हर बात पर जज करते हैं। अगर कोई महिला अपने करियर, शादी या जीवनशैली को लेकर कुछ भी करती है, तो तुरंत लोगों की निगाह में वो गलत ठहराई जाती है। लेकिन वही चीज अगर पुरुष करता है, खासकर जब वो कम उम्र की लड़की से शादी करता है, तो कोई सवाल नहीं उठाता। इस दौरान मलाइका ने सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान से यह साफ था कि उन्होंने अपने एक्स हसबैंड अरबाज खान की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा, यह समाज में एक बड़ा डबल स्टैंडर्ड है। महिलाओं की आजादी और उनके फैसलों को हमेशा सीमाओं में बाँधने की कोशिश की जाती है, जबकि पुरुषों के लिए यही दुनिया कुछ अलग नियमों के साथ तय करती है। मलाइका ने महिलाओं के आत्मविश्वास और उनकी आजादी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, महिलाएं हर चीज में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम हैं। उन्हें अपने जीवन के फैसलों के लिए डरने या शर्मिंदा होने की जरूरत नहीं है। हमें समाज को यह समझाना होगा कि जजमेंट देने का अधिकार किसी को नहीं है।



# धर्मेंद्र की अस्थियां हर की पौड़ी में विसर्जित

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की अस्थियों का हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी पर धार्मिक विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। रस्म परिवार की मौजूदगी में पूरी रस्मों रिवाज से हुई। सनी देओल के बेटे करण देओल ने अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया निभाई। परिवार ने गोपनीयता रखने की अपील की थी। अस्थियां पीलीभीत हाउस में रखी गई थीं, जहां से परिवार ने गंगा में डुबकी लगाते हुए पिंडदान भी किया।




# अक्षय कुमार ने भतीजी सिमर के डेब्यू पर जताई खुशी

अक्षय कुमार ने अपनी भतीजी सिमर भाटिया के बॉलीवुड डेब्यू पर गर्व जताया। उन्होंने फिल्म इक्कीस का पोस्टर साझा करते हुए लिखा कि बचपन से लेकर फिल्मों तक का सफर देखकर खुशी होती है। सिमर, अक्षय की बहन अलका की बेटी हैं। यह फिल्म परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के जीवन पर आधारित है और 25 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म में अगस्त्य, दिवंगत धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत और राहुल देव सहित कई कलाकार नजर आएंगे।

# क्रावले ने 68 गेंदों पर जड़ा अर्धशतक, रूट के साथ मजबूत साझेदारी




**ब्रिसबेन।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के गाबा में पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। यह दिन-रात्रि टेस्ट है। जैक क्रावले और जो रूट ने शुरूआती झटकों के बाद इंग्लैंड की पारी को संभाला और दोनों के बीच 80+ रनों की साझेदारी हो चुकी है। इस दौरान क्रावले ने 68 गेंदों पर पचासा भी पूरा कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शानदार शुरूआत दिलाई। स्टार्क ने इंग्लैंड को शुरूआती झटके दिए। इंग्लैंड की ओर से जैक क्रावले और बेन डकेट पारी की शुरूआत करने उतरे, लेकिन स्टार्क ने पहले ही ओवर में टीम को सफलता दिलाई। स्टार्क ने डकेट को लाबुशेन के हाथों कैच कराया। डकेट खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद नए बल्लेबाज के रूप में उतरे ओली पोप भी तीन गेंद खेलकर खाता खोले बिना आउट हो गए। उन्हें स्टार्क ने बोल्ड कर पवेलियन की राह दिखाई।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। स्टोक्स ने टॉस के दौरान बताया कि यहां की परिस्थितियां अलग है इसलिए वह पहले बल्लेबाजी करना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम में नाथन लियोन की जगह माइकल नेसर और उस्मान ख्वाजा की जगह जोश इंग्लिस को प्लेइंग-11 में जगह दी गई है।

# भारत 359 रन बनाकर भी मैच नहीं बचा सका

## दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा वनडे 4 विकेट से जीता, सीरीज 1-1 से बराबर




**रायपुर।** रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में टीम इंडिया 359 रन का विशाल लक्ष्य भी बचाने में नाकाम रही। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर ला दी। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनने वाली साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा, जबकि ऋतुराज गायकवाड ने भी सेंचुरी लगाई।

कप्तान केएल राहुल ने फिफ्टी बनाकर टीम को 358 के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन ने 2 विकेट लिए। बड़े रन चेज में अफ्रीका ने पांचवें ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया, लेकिन कप्तान टेम्बा बावुमा (44) और ऐडन मार्करम ने शतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला। मार्करम ने शानदार शतक जड़कर चेज की नींव मजबूत की।

इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस (54) और मैथ्यू ब्रीट्जकी (68) ने तेज तर्रार फिफ्टी लगाई और टीम को लक्ष्य के करीब ले आए। 322 रन तक पहुंचने के बाद अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए, लेकिन आखिरी में कॉर्बिन बॉश ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए 37 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट हासिल किए। कुलदीप यादव और हर्षित राणा को 1-1 सफलता मिली। सीरीज का निर्णायक तीसरा वनडे 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा।

### मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025

# भारत ने स्विट्जरलैंड को 5-0 से रौंदा, क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम से होगा सामना




**चेन्नई।** भारतीय टीम मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के राउंड रॉबिन लीग स्टेज में अजेय रही। इस टीम ने मंगलवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां भारतीय टीम 5 दिसंबर को बेल्जियम से भिड़ेगी। इससे पिछले मुकाबलों में भारत ने चिली को 7-0 से हराने के बाद ओमान के खिलाफ 17-0 से जीत दर्ज की थी। रोहित की कप्तानी और पीआर श्रीजेश की कोचिंग में भारतीय टीम ने मुकाबले के दूसरे मिनट में ही खाता खोला। बर्थडे बॉय मनमीत सिंह ने मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल करके लीड को दोगुना कर दिया। इसके बाद शारदा नंद तिवारी ने मुकाबले के 13वें मिनट में टीम का स्कोर 3-0 कर दिया। भारतीय टीम ऐसी ही शुरूआत चाहती थी। मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में भारतीय खिलाड़ियों ने खराब मौसम के बावजूद मैच देखने पहुंचे दर्शकों का दिल जीत लिया था। मुकाबले के 28वें मिनट अर्शदीप सिंह ने गोल दागते हुए भारत को 4-0 से आगे कर दिया। अर्शदीप ने इससे पहले ओमान के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी। इस बीच गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने कुछ शानदार बचाव किए, जिसके चलते स्विट्जरलैंड की टीम अपना खाता नहीं खोल सकी। भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे क्वार्टर में भी लय बनाए रखी। शारदा नंद मुकाबले के 54वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के जरिए अपना दूसरा गोल दागा। इसी के साथ भारत ने 5-0 से बढ़त हासिल कर ली। इस शानदार प्रदर्शन के लिए शारदा नंद को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के अन्य मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने कोरिया को 3-1 से हराया, जबकि इंग्लैंड ने मलेशिया को इसी अंतर से मात दी।

## गुरुवार, 04 दिसम्बर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का लाभदायक रहेगा। विशेष रूप से आपको आर्थिक मामलो में भाग्य का साथ मिलता दिख रहा है। आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी। आपको किसी अप्रत्याशित स्त्रोत से आज लाभ मिलने का भी संयोग बना है।

वृषभ राशि के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। आपका मनोबल और आत्मविश्वास आज बढा रहेगा। आपको आज अपनी कार्ययोजना में सफलता मिलेगी, आर्थिक मामलो में भी आज का दिन वृषभ राशि के जातको के लिए अच्छा है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके ऊपर आज काम का अधिक दबाव होने से आप मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं। वैसे आज आपको अपने सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आज का दिन आपके लिए खचीर्ला भी रहेगा।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आज आपको कारोबार में लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे। आपने पूर्व में कुछ निवेश किया है तो इसका भी आपको आज फायदा हो सकता है।

आज का दिन सिंह राशि के जातको के लिए कामकाज के लिहाज से अच्छा है। नौकरी में आपका काम सुचारू रूप से चलेगा। आप नौकरी में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो इसमें भी आपको आज सफलता मिलेगी। कोई अधूरी चाहत आपकी आज पूरी हो सकती है।

आज का दिन कन्या राशि के लिए सुखद और अनुकूल रहेगा। आपकी कोई चली आ रही परेशानी आज दूर हो सकती है। आपको पिता और पैतृक पक्ष से फायदा हो सकता है। लेकिन आप आज विरोधियों और शत्रुओ से आपको सतर्क रहना होगा।

आज का दिन तुला राशि के लोगो के लिए मिलाजुला रह सकता है। आपको आज सेहत का ध्यान रखना होगा। थकान और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आज आपके ऊपर कुछ नई जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक और सुखद रहेगा। आपको आज परिवार से पूरा सहयोग सपोर्ट मिलेगा। जीवनसाथी से आपको प्रेम और सहयोग मिलेगा। संतान की ओर से भी आपको आज खुशी मिलेगी। नौकरी में आज का दिन आपका अनुकूल बीतेगा।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने काम के प्रति सजग रहना होगा। आपका कोई काम आज बनते-बनते अटक सकता है। लेकिन बैंकिंग से संबंधित कुछ काम है तो इसमे आपको आज सफलता मिलेगी।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुखद और रोमांटिक रहेगा। पारिवारिक जीवन में आज आपको प्रेंम, सुख और सहयोग प्राप्त होगा। संतान की ओर से भी आज का दिन आज अनुकूल और प्रसन्नता प्रदान करने वाला रहेगा।

आज का दिन कुंभ राशि के जातको के लिए मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने कार्यक्षेत्र में दूसरों के मामलो से दूर रहने की सलाह दी जाती है। किसी तकनीकी समस्या की वजह से आपको आज परेशानी होने की आशंका है।

मीन राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन उत्साहवर्धक और जोश से परिपूर्ण रहेगा। आप कठिन कार्य को भी आज पूरा कर पाने में सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको आज सहकर्मियो और सहयोगियो से पूरा सपोर्ट मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# मन का आचरण ही व्यक्ति का मित्र या शत्रु बनता है-अरविंद स्वरूप

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के संस्कृति भवन में इतिहास एवं संस्कृति विभाग द्वारा जारी श्रीमद्भागवत गीता व्याख्यान माला के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में आगरा इस्कॉन के अध्यक्ष अरविंद स्वरूप प्रभु ने विद्यार्थियों को अध्यात्म के माध्यम से मन व मस्तिष्क को शांत और स्थिर करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि आज के समय में ओवरथिंकिंग, अवसाद, बेचैनी और मानसिक तनाव युवाओं के जीवन पर गहराई से प्रभाव डाल रहे हैं। इसका मुख्य कारण है अध्यात्म से दूरी और मन को नियंत्रित रखने के उपायों का अभाव। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का सर्वोत्तम समाधान श्रीमद्भागवत गीता में बताया गया है, जिसमें ध्यान, अध्यात्म और मन की प्रकृति को समझकर जीवन को संतुलित करने के सूत्र मिलते हैं।

मन का आचरण ही व्यक्ति का मित्र या शत्रु बनता है। यदि मन व्यक्ति की बात सुनता, समझता और सकारात्मक चिंतन करता है, तो वह मित्र की भूमिका निभाता है। लेकिन यदि मन अहंकार, नकारात्मकता और विपरीत विचारों से भर जाता है, तो वह व्यक्ति को गलत दिशा में ले जाता है और शत्रु के समान बन जाता है। गीता के श्लोकों के माध्यम से उदाहरण देकर समझाया कि मनुष्य को भूतकाल पर नहीं, वर्तमान पर ध्यान देना चाहिए। दया के भाव पर विशेष जोर देकर कहा कि गीता पहले स्वयं पर दया करना सिखाती है, क्योंकि जब मनुष्य स्वयं के प्रति करुणा विकसित कर लेता है, तब वह स्वाभाविक रूप से दूसरों के प्रति भी दयालु बन जाता है। व्याख्यान को बहुआयामी बताते हुए प्रो. यूएन शुक्ला ने विद्यार्थियों को अच्छे विचारों और श्रेष्ठ चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन इतिहास एवं संस्कृति विभाग के प्रो. बी.डी. शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रगति के लिए मन को सही दिशा में लगाना और उसे अपना मित्र बनाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रो. लवकुश मिश्रा, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. गोपाल वशिष्ठ, डॉ. हेमंत यादव, डॉ. अपर्णा, डॉ. अंजली, डॉ. विभा मौजूद रहीं।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया याद

**46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दी श्रद्धांजलि एवं अर्पित की पुष्पांजलि**




एनएनआई

**आगरा।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर कैंपस में भावभीनी श्रद्धांजलिः पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित किए गए। भारतीय हॉकी के महानतम खिलाड़ी, मेजर ध्यानचंद जी की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित किए गए। मेजर ध्यानचंद जी की खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का निर्देशन शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के डायरेक्टर डॉ अखिलेश चंद्र सक्सेना द्वारा किया गया। शुभारम्भः कार्यक्रम का आरम्भ विधायक एत्मादपुर विधानसभा डॉ धर्मपाल, एस.डी. एम. सुमित कुमार, बीडीओ अजय कुमार अग्रवाल, एडीओ पंचायत द्वारा मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने मेजर ध्यानचंद की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिनमें लगातार तीन ओलंपिक (1928, 1932, और 1936) में भारत को स्वर्ण पदक दिलाना और उन्हें 'हॉकी का जादूगर' कहा जाना प्रमुख था। मेजर ध्यानचंद का जीवन हमें सिखाता है कि कठोर अनुशासन, समर्पण और देश के प्रति सच्चा प्रेम ही सफलता की कुंजी है। अंत में, सभी उपस्थित सदस्यों ने एक-एक कर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को याद किया। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मेजर ध्यानचंद की विरासत को आगे बढ़ाते हुए खेल और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करेंगे इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के डॉ उरदेव सिंह तोमर, डॉ रवि वर्मा, डॉ नरेंद्र पाल, डॉ महेश कुमार, डॉ सिंधुजा एवं समस्त शिक्षक और कर्मचारी पूरी गरिमा के साथ उपस्थित रहे।

# बरसाने की छोरी, राधा गोरी-गोरी...

**विश्व दिव्यांगजन दिवस पर बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति**




- आध्यांत फाउंडेशन द्वारा विश्व दिव्यांगजन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

एनएनआई

**आगरा।** बरसाने की छोरी, राधा गोरी-गोरी..., मुरली बजइया, रास रचईया, वो कृष्णा है... जैसे गीतों पर विशेष बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं विभिन्न प्रकार के खेलों में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों संग अतिथियों की तालियों की गड़गड़ाहट भी गूंजने लगी। दयालनगर, शाहगंज स्थित आध्यांत फाउंडेशन द्वारा विश्व दिव्यांगजन दिवस पर योजित स्पोर्ट्स डे पर शारीरिक अक्षमता पर मन का हौंसला भारी था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चीफ रीजनल मैनेजर एचपीसीएल आकाशदीप तिवारी, एसएन मेडिकल कालेज, त्वचा रोग के विभागाध्यक्ष डॉ. यतेन्द्र चाहर, डॉ. सतीश शुक्ला ने सम्मलित रूप से किया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सभी 30 स्पेशल बच्चों द्वारा खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सेन्टर की निदेशक डॉ. रेनू तिवारी ने कहा कि ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को एक सामान्य जीवन जीने का माहौल प्रदान करना और बिना किसी हीन भावना के उन्हें स्वीकारना समाज की जिम्मेदारी है। बच्चों के लिए कलर मैचिंग, वॉल पुटिन इन, कलर मैचिंग बॉटल, रोलिंग टायर्स, जिक-जेक ग्लास रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे स्पेशल बच्चों में स्किल डवलमेंट के साथ आत्मविश्वास को विकसित किया जा सके। संस्थान के संरक्षक पंकज तिवारी व चेयरमैन नीरज तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह के रूप में पौधे प्रदान कर किया। सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। योग शिक्षिका अंजली जैन ने बच्चों को योग करवाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. रीतेश बंसल, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. गरिमा बंसल, डॉ. प्रियंका मैसी, डॉ. अश्विनी श्रीवास्तव, रंजीत सामा, रुबीना दीक्षा, स्नेहा, पायल, मोहिनी, नंदनी, रोनक, पूजा, अंजली, दीप्ति, राधिका, वंशिका, खुशी आदि उपस्थित थे।

# यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए किया जागरूक

एनएनआई



**आगरा।** सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज की आंतरिक समिति की अध्यक्ष एवं प्रोफेसर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. निधि गुप्ता ने मेडिकल विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न की परिभाषा, उसकी विभिन्न परिस्थितियों तथा उससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ निधि गुप्ता कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीड़न विषय पर जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की अनुचित घटना से डरने या चुप रहने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि ऐसी किसी भी शिकायत को शीघ्रतम समय में आंतरिक समिति को अवश्य सूचित करें। कॉलेज के प्राचार्य डा. प्रशांत गुप्ता ने प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए एक सशक्त एवं सक्रिय आंतरिक समिति कार्यरत है। संस्थान महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्प है। आंतरिक समिति की समन्वयक एवं फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. ऋचा गुप्ता ने 'शी-बॉक्स' ऑनलाइन शिकायत प्रणाली के बारे में बताया। डॉ राजेश गुप्ता, डा. कामना सिंह, डा. गरिमा डंडी, डॉ रेनू अग्रवाल, डा. अर्पिता, डॉ सीमा भी उपस्थित रहीं।